卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

•वर्ष 25 •अंक 57 •पृष्ठ 8 •रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) •मंगलवार •3 दिसम्बर 2024 •मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## एनकाउंटर में गौमांस तस्कर गिरफ्तार

### किच्छा में हुई मुठभेड़, पैर में गोली लगने से घायल आरोपी को अस्पताल में किया भर्ती,गौ मांस बरामद

किच्छा/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ऊधमसिंहनगर पुलिस ने एक बार फिर एनकाउंटर में एक गौमांस तस्कर को गिरफ्तार किया। किच्छा के कलकत्ता चौकी क्षेत्र में पुलिस और गौ तस्कर के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान पैर में गोली लगने से तस्कर तस्लीम कुरेशी निवासी कुरैशी मोहल्ला किच्छा घायल हो गया। घायल का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि तस्लीम बिना नंबर की बाइक पर कलकत्ता चौकी क्षेत्र में जा रहा था। रोकने पर उसने बाइक छोड़ दी और आम के बगीचे में भागकर पुलिस पर तमंचे से



फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में उसके पैर पर गोली लगी है। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। इसके खिलाफ पूर्व में भी गौ तस्करी, हत्या, पशु चोरी और अन्य धाराओं में केस दर्ज है। उसके पास से तमंचा, कारतूस के साथ ही बाइक में बंधे बैग से प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि किच्छा कोतवाली क्षेत्र में पुलिस व गौमांस तस्कर के मध्य हुई मुठभेड़ में गौ तस्कर पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। दबोचे गये गौ तस्कर का अच्छा खासा अपराधी इतिहास भी बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत रात्रि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली किच्छा को सूचना प्राप्त हुई कि कुरैशी मोहल्ला किच्छा में एक व्यक्ति गौ तस्करी कर गौमांस लेकर जाने वाला है । इस पर प्रभारी निरीक्षक किच्छा द्वारा पुलिस फोर्स को मौके पर तलब कर मुखबिर के बताए अनुसार कुरैशी मोहल्ले में गए। जहां एक व्यक्ति एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल जिसके पीछे एक कट्टा बांधा था के साथ खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देख तेजी से मोटर साईकिल को मोड़कर वह वापस भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को रूेकने का इशारा किया तो वह व्यक्ति मोटर साईकिल को तेजी से भगा कर सितारगंज की ओर भागने लगा । जिस पर टीम ने चौकी प्रभारी कलकत्ता फॉर्म को तत्काल इसकी सूचना देकर ( **शेष पेज सात पर** )

## अलकनंदा में समाया ट्रक ,रेस्क्यू जारी

### देर रात ऋषिकेश बदरीनाथ हाईवे पर हुआ बड़ा हादसा, दो लापता

श्रीनगर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के श्रीनगर गढ़वाल में सोमवार रात एक बड़ा हादसा हुआ। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर चमधार के पास एक ट्रक करीब 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे की जानकारी पुलिस को सुबह मिली, जब कुछ स्थानीय लोगों ने नदी में डूबे हुए ट्रक को देखा। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। दोनों की तलाश के लिए गोताखोरों की टीम जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार,



ट्रक श्रीनगर से डूंगरीपंथ जा रहा था, लेकिन देर रात अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। हादसे के बारे में किसी को कोई जानकारी( **शेष पेज सात पर** )

## कार का शीशा तोड़ आठ लाख उड़ाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात बदमाशों ने आज विशाल मेगा मार्ट के आगे नैनीताल हाईवे पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर कार में रखे बैग से आठ लाख रूपये निकाल लिये और फरार हो गये। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुचकर कार स्वामी से आवश्यक जानकारी ली और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जानकारी के अनुसार बत्रा कालोनी निवासी विपिन त्यागी मशीनों की बिक्री का कार्य करते हैं । उनका श्रीराम मार्केट में कार्यालय है। उन्होंने बताया कि आज दोपहर करीब 12.25 बजे वह अपनी कार संख्या यूके 06 बीजे 6688 में सवार होकर आईसीआईसीआई बैंक से आठ लाख रूपये लेकर उसे ( **शेष पेज सात पर** )





## अंकिता भंडारी हत्याकांड में बचाव पक्ष की जिरह समाप्त करने का आदेश

पौड़ी(उद संवाददाता)। अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय (एडीजे) ने बीते जुलाई माह से चल रहे एसआईटी के विवेचक की जिरह को समाप्त कर दिया है। अब 6 दिसंबर को अभियुक्तों के बयान दर्ज किए जाएंगे। अदालत ने आदेश अभियोजन पक्ष के प्रार्थनापत्र पर दिए हैं। उत्तराखंड के बहुचर्चित अंकिता हत्याकांड मामले की एसआईटी जांच के बाद कोटद्वार की एडीजे कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। अभियोजन पक्ष की ओर से इस मामले में अब तक एसआईटी के विवेचना अधिकारी समेत 47 गवाह अदालत में पेश किए जा चुके हैं। 47वें गवाह विवेचना अधिकारी इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह खोलिया अंतिम गवाह है।अभियोजन पक्ष की ओर से दिए गए प्रार्थनापत्र में कहा गया कि विवेचक का परीक्षण 5 जुलाई से लगातार जारी है। पहली पांच तिथियों पर अभियोजन की गवाही चली। इसके बाद 23 अगस्त से बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से प्रति परीक्षा (जिरह) का सिलसिला चला। अभियोजन पक्ष ने तर्क दिया कि बचाव पक्ष की जिरह को अब समाप्त किया जाना उचित रहेगा। इससे वाद के निस्तारण में अधिक समय लग रहा है। अदालत की ओर से जिरह पूर्ण करने के संबंध में 25 नवंबर को भी आदेश पारित किया( **शेष पेज सात पर** )

## सुबह 10 से 12 बजे तक जनता से मिलें अधिकारी : डीएम

### तहसील दिवस पर जिलाधिकारी भदौरिया ने किच्छा में लोगों की सुनी समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। यहां आयोजित राजीव गांधी कम्यूनिटी हॉल





में तहसील दिवस में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने लोगों की समस्याएं सुनी। तहसील दिवस में फरियादियों ने विद्युत, पेयजल, सड़क निर्माण, राशन कार्ड, सिंचाई, भूमि, समाज कल्याण, पेंशन , स्वास्थ्यआदि से संबंधित आठ दर्जन से अधिकआवेदन और समस्याएं रखी। जिसमें अधिकांश आवेदन पत्रों एवं समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में मौजूद विधायक तिलकराज बेहड़ ने कहां की आम जनमानस की समस्याओं के लिए सरकार द्वारा तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है आम ( **शेष पेज सात पर** )

## अम्बेडकर पार्क से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

### पार्क का सौन्दर्यीय कार्य रोकने से भड़का दलित समाज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 6 दिसम्बर को अम्बेडकर पार्क में भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डा.भीमराव अम्बेडकर युवा मंच द्वारा आयोजित संगीत संध्या एक शाम बाबा के नाम कार्यक्रम की तैयारियों में आज उस समय रूकावट पैदा हो गई जब नगर मंच के आग्रह पर नगर निगम द्वारा पार्क में सौन्दर्यीकरण का कराया जा रहा कार्य अचानक नगर निगम की टीम ने मौके पर रूकवा दिया और निर्माण सामग्री वहीं से हटा ली। जिससे कार्यक्रम आयोजकों के साथ ही दलित समाज के लोगों में भारी





रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने जोरदार नारेबाजी के साथ नगर आयुक्त पर दीपावली से पूर्व पार्क खाली कर देने के वायदे से मुकर जाने, पार्क में अतिक्रमणकारियों को संरक्षण देने और दलित विरोधी होने का आरोप लगा दिया। कार्यक्रम आयोजन के तीन दिन पूर्व ही व्यवधान उत्पन्न हो जाने से आयोजन स्थल पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। कार्यक्रम संयोजक दीपक कुमार सागर ने बताया कि आगामी 6 दिसम्बर को अम्बेडकर पार्क में भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर डा.भीमराव अम्बेडकर युवा मंच द्वारा संगीत संध्या एक शाम बाबा के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजकों द्वारा निगम प्रशासन से अम्बेडकर पार्क के सौन्दर्यीकरण किये( **शेष पेज सात पर** )

# उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होंगे 38 वें राष्ट्रीय खेल

## कलारीपयट्टू, योगासन, मलखंभ और राफ्टिंग के साथ 32 खेल होंगे शामिल

नई दिल्ली/देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी 2025 तक राष्ट्रीय खेलों का आयोजन होगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने इनके आयोजन पर अंतिम मुहर लगा दी है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि भारतीय ओलंपिक संघ का खेलों की तारीख फाइनल होने से संबंधित पत्र विभाग को मिल गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इन तिथियों की संस्तुति की थी। राष्ट्रीय खेलों के इस 38वें सत्र में 32 मुख्य और चार प्रदर्शनी खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें योगासन और मल्लखंभ भी शामिल हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और उत्तराखंड राज्य ओलंपिक संघ (यूएसओए) के बीच 2014 में हस्ताक्षरित मूल सहमति पत्र (एमओयू) के अनुसार इन खेलों के दौरान 34 खेलों के आयोजन का प्रस्ताव था। हालांकि आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा और खेलों की तकनीकी संचालन समिति (जीटीसीसी) ने हाल में अपनी बैठक में 32 मुख्य खेलों और चार प्रदर्शनी खेलों को स्वीकृति दी। इनमें घुड़सवारी और सेलिंग को शामिल नहीं किया गया। आईओए की अध्यक्ष ने कहा कि उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों के भारत में पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के खेलों को बढ़ावा देने में एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता साबित होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय खेलों में शामिल परंपरागत खेलों




कलारीपयट्टू, योगासन, मलखंभ और राफ्टिंग में मुकाबले तो होंगे, लेकिन पदक तालिका में यह शामिल नहीं होंगे। वहीं, कुछ स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि कलारीपयट्टू, योगासन, मलखंभ और राफ्टिंग को राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया जाता तो इसमें राज्य के खिलाडियों के बेहतर प्रदर्शन से पदक तालिका में राज्य का स्थान और सुधार सकता था। खेल मंत्री रेखा आर्या के मुताबिक उत्तराखंड इन खेलों का जन्मदाता है। सरकार की ओर से इस मसले पर मंगलवार को केंद्रीय खेल मंत्री के साथ ही भारतीय ओलंपिक संघ को पत्र लिखा जाएगा। उनसे अनुरोध किया जाएगा कि इन खेलों को राष्ट्रीय खेलों में शामिल किया जाए। राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, जलक्रीड़ा, तीरंदाजी, बैडमिंटन, बास्केटबाल, बॉलिंग, मुक्केबाजी, कैनोइंग एवं कयाकिंग, साइक्लिंग, फेंसिंग, फुटबाल, गोल्फ, जिमनास्टिक, हैंडबाल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मॉडर्न पैंटाथलॉन, नेटबाल, रोइंग, रग्बी, शूटिंग, स्क्वैश, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, टेनिस, ट्रायथलॉन, वॉलीबाल, भारोत्तोलन, रेसलिंग, कुश्ती, वुशु को शामिल किया गया है। पिछले साल गोवा में हुए 37वें राष्ट्रीय खेलों में 43 खेल शामिल थे। जबकि 2025 में उत्तराखंड में होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों में मात्र 32 खेलों को शामिल किया गया है। जिससे गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों के मुकाबले 11 खेल कम हो रहे हैं। पीटी उषा, आईओए अध्यक्ष के अनुसार कलारीपयट्टू, योगासन, मलखंभ और राफ्टिंग जैसे प्रदर्शनी खेलों को राष्ट्रीय खेलों में शामिल करना भारत की समृद्ध विरासत का सम्मान करने और खिलाड़ियों के लिए नए अवसरों को प्रोत्साहित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खेल मंत्रीरेखार्य ने बताया ाकि राष्ट्रीय खेलों की तैयारी को लेकर सरकार पूरी तरह से आश्वस्त है। आयोजन कई मायनों में ऐतिहासिक होने वाला है। प्रदेश के खिलाड़ियों के लिए यह अभूतपूर्व अवसर है। घरेलू मैदान पर राज्य के खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे सकते हैं।



# सीएम ने किया पहली जौनसारी फीचर फिल्म 'मैरै गांव की बाट' का प्रोमो और पोस्टर लांच

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पहली जौनसारी फीचर फिल्म 'मैरै गांव की बाट' का प्रोमो और पोस्टर लांच किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्रीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आंचलिक फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में पूरा सहयोग दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य गठन के बाद अब पहली जौनसारी फीचर फिल्म बनकर तैयार हो गई है। इस फिल्म के जरिए जौनसार की समृद्ध संस्कृति, विरासत, रीति रिवाजों को देखने जानने का मौका मिलेगा। उन्होंने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा कि, राज्य सरकार की तरफ से क्षेत्रीय बोली भाषाओं में बनी फिल्मों के निर्माण और प्रचार प्रसार में हर संभव मदद दी जा रही है। इसी क्रम में सरकार नई फिल्म नीति लेकर आई है। सरकार का मत है कि हर क्षेत्र में उत्तराखण्ड के स्थानीय लोग आगे बढ़ सकें। उन्होंने अभिनेता अभिनव चौहान को बधाई देते हुए कहा कि उनकी गढ़वाली फिल्म असगार भी सुपरहिट रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हनोल मंदिर का मास्टर प्लान बना रही है, इसके बाद से यह क्षेत्र तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए बड़ा डेस्टिनेशन बनकर उभर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को हनोल मंदिर की प्रतिकृति प्रदान की थी। इस मौके पर कैबिनेट गणेश जोशी, पद्मश्री प्रेमचंद शर्मा, सचिव एचसी सेमवाल, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी, अपर सचिव अतर सिंह, मुख्य अभिनेता अभिनव चौहान और अभिनेत्री प्रियंका, निर्माता आयुष गोयल, प्रस्तुतकर्ता के.एस चौहान, रतन सिंह रावत, जयपाल सिंह, अनिल दत्त, श्रीचंद शर्मा, भारत चौहान, प्रीतम तोमर, अनिल सिंह तोमर, रविंद्र चौहान, मतवार सिंह रावत, सुमित्रा चौहान, रीना चौहान, आकृति जोशी मधबाला सिंह, काजल शाह, लता राय, गुड्डी चौहान, ममता तोमर, साक्षी रावत आदि सहित अनेक लोग उपस्थित थे। फिल्म की परिकल्पना के.एस चौहान ने की है एवं फिल्म के निर्देशक अनुज जोशी हैं।



# चालीस नर्सिंग अधिकारियों को स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने वितरित किये नियुक्ति पत्र

देहरादून (उद संवाददाता)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 40 और नर्सिंग अधिकारी मिले हैं। चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा जारी अंतिम चयन परिणाम के उपरांत प्रतीक्षा सूची में शामिल इन सभी अभ्यर्थियों को सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने नियुक्ति पत्र सौंपे। डॉ. रावत ने सभी चयनित नर्सिंग अधिकारियों को बधाई देते हुये उन्हें प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में अपना अहम योगदान देने को कहा। स्वास्थ्य महानिदेशालय में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज 40 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इन सभी चयनित नर्सिंग अधिकारियों को प्रदेशभर के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दे दी गई है। डॉ. रावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से नर्सिंग अधिकारियों के 1564 पदों पर भर्ती की गई थी, जिसके सापेक्ष बोर्ड ने 1411 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परिणाम जारी किया था। जिनमें से स्वास्थ्य विभाग ने 1394 नवनियुक्ति नर्सिंग अधिकारियों के नियुक्ति पत्र निर्गत किये जबकि 1354 नर्सिंग अधिकारियों ने ही कार्यभार ग्रहण किया। इसके उपरांत बोडउ ने कार्यभार ग्रहण न करने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त कर प्रतीक्षा सूची में चयनित 40 अभ्यर्थियों की सूची स्वास्थ्य महानिदेशालय को सौंपी। जिन्हें विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में तैनाती देते हुये नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। जिसमें पिथौरागढ़ जनपद में 8, पौड़ी 6, अल्मोड़ा 5, टिहरी, हरिद्वार, रुद्रप्रयाग व नैनीताल में 4-4, देहरादून 2 तथा उत्तरकाशी, बागेश्वर व चम्पावत में 1-1 नर्सिंग अधिकारी को नियुक्त दी गई है। इससे पहले विभाग ने 1394 चयनित नर्सिंग अधिकारियों को विभिन्न जनपदों में तैनाती दी। जिसमें चमोली जनपद में 128, उत्तरकाशी 116, टिहरी 111, रूद्रप्रयाग 69, पौड़ी 231, हरिद्वार 73, देहरादून 59, ऊधम सिंह नगर 74, पिथौरागढ़ 97, नैनीताल 146, बागेश्वर 61, चम्पावत 76 तथा अल्मोड़ा में 153 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति प्रदान की गई।



# जल आपूर्ति योजनाओं के सोशल ऑडिट में महिलाओं के फीडबैक को करें शामिल : सीएस

## मुख्य सचिव ने पेयजल आपूर्ती के लिए 48 घण्टे के भीतर शिकायतों के निवारण के भी दिए निर्देश

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय में अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में विश्व बैंक से सहायता प्राप्त उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम की 11वीं उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में प्रतिभाग किया। इस दौरान सीएस ने पेयजल विभाग एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को जल जीवन मिशन के समयसीमा विस्तार हेतु भारत सरकार को तत्काल पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। जल आपूर्ति योजनाओं के सोशल ऑडिट को प्रभावी बनाने तथा पेयजल योजनाओं में महिलाओं के फीडबैक को सर्वाधिक महत्वपूर्ण बताते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सोशल ऑडिट में पेयजल उपभोक्ताओं (बवदेनउमते ) में विशेषकर स्थानीय महिलाओं को शामिल करने के सख्त निर्देश दिए हैं। पेयजल सम्बन्धित मामलों पर आम नागरिकों की संतुष्टि को शीर्ष प्राथमिकता देने की कड़ी हिदायत देते हुए मुख्य सचिव ने इस क्षेत्र



में बेस्ट प्रेक्टिसेज को अपनाने तथा शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। आमजन को अबाध जलापूर्ति के साथ ही पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए मुख्य सचिव ने बेस्ट प्रैक्टिसेज के तहत यूजर फ्रेंडली डैशबोर्ड पर स्टेट ऑफ आर्ट एमआईएस में सभी मुख्य परफोर्मेन्स इण्डिकेटर्स को दर्ज करने की हिदायत दी है। मुख्य सचिव ने सर्विस डिलीवरी में गैप आने पर सम्बन्धित इंजीनियरों को एसएमएस के माध्यम से ऑटो अलर्ट भेजकर शिकायत निवारण तंत्र को मजबूत करने तथा 48 घण्टे के भीतर शिकायतों के निवारण के भी निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने उपभोक्ताओं के संतुष्टिकरण के प्रतिशत को बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड पेयजल जल आपूर्ति कार्यक्रम हेतु प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी फर्म की समयसीमा विस्तार तथा इस कार्यक्रम के एनवायरनमेंट ऑडिट पर प्रशासनिक एवं वित्तीय अनुमोदन दिया। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखण्ड जल आपूर्ति कार्यक्रम के लिए आईसीआर रिपोर्ट हेतु कंसल्टेंसी सेवाओं की नियुक्ति हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी। सीएस ने उत्तराखण्ड पेयजल निगम की मोहोलिया तथा उमरूखुर्द जलापूर्ति योजनाओं के समयसीमा विस्तार पर भी अनुमोदन दिया। इस अवसर पर सचिव श्री दिलीप जावलकर, श्री शैलेश बगौली सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश में निकायों की जमीन और दुकान की लीज के लिए शासन की अनुमति जरूरी

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के 105 नगर निकायों की जमीन व दुकान की लीज के लिए अब शासन की अनुमति जरूरी होगी। सचिव शहरी विकास नितेश झा ने इस संबंध में निकायों को आदेश जारी कर दिया है। लीज का नवीनीकरण भी शासन की अनुमति से ही होगा। सचिव शहरी विकास नितेश झा के मुताबिक, यह संज्ञान में आया है कि कई नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत अपने स्वामित्व की जमीनों, भवन आदि को किराए और लीज पर बाजार दर से कम दरों पर आवंटित कर रहे हैं। लीज की ऐसी संपत्तियां, जिनका नवीनीकरण पूरा हो चुका है, उन्हें भी बिना शासन के पूर्व अनुमोदन निकाय के स्तर से बाजार दरों से कम दरों पर नवीनीकरण किया जा रहा है। इससे नगर निकायों को आर्थिक रूप से काफी नुकसान हो रहा है। निकायों को गंभीरता अपनाते हुए सुधारात्मक कदम उठाने की जरूरत है। सचिव शहरी विकास ने 30 अप्रैल 2010 के शासनादेश को याद दिलाते हुए स्पष्ट किया है कि निकायों की ओर से लीज नवीनीकरण से संबंधित प्रस्तावों पर शासन के अनुमोदन के बिना मंजूर नहीं किया जाएगा। निकायों के स्वामित्व या प्रबंधन की संपत्ति जैसे भूमि, व्यावसायिक भूमि आदि को किराए या लीज पर प्रचलित बाजार मूल्य से न्यून दरों पर आवंटित नहीं कर सकेंगे। बल्कि, बाजार मूल्य या उससे अधिक दरों पर आवंटित किया जाएगा। देहरादून समेत कई नगर निकाय ऐसे हैं, जिनकी करोड़ों की संपत्तियां कुछ ही रुपयों के किराये पर दी गई हैं। इनमें कई संपत्तियां तो निकायों के प्रभावशाली लोगों ने अपने चहेतों को औने-पौने दामों पर लीज पर दी हुई हैं। माना जा रहा है कि सरकार की सख्ती के बाद इस दिशा में कुछ सुधार होगा।

# सीएसटीयू का कोलकाता में दो दिवसीय सम्मेलन 7 से

रुद्रपुर ( उद संवाददाता )संग्रामी धूरी पर मजदूर आंदोलन को शासक्त बनाने के लिए गठित 'सेंटर फॉर स्ट्रगलिंग ट्रेड यूनियंस' का प्रथम दो दिवसीय सम्मेलन आगामी 7 व 8 दिसंबर को कोलकाता में होगा। इसके लिए रुद्रपुर क्षेत्र में व्यापक प्रचार अभियान जारी है। यह जानकारी देते हुए सीएसटीयू के मुकुल ने बताया कि मजदूर विरोधी नीतियों और मजदूरों पर बढ़ते हमलों के खिलाफ मजदूर एकता को मजबूत करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यरत मजदूर सहयोग केन्द्र 'सेंटर फॉर स्ट्रगलिंग ट्रेड यूनियंस' का गठन हुआ है। धीरज जोशी ने बताया कि उत्तराखंड के रुद्रपुर-पंतनगर के सिड़कुल औद्योगिक क्षेत्र में सम्मेलन के व्यापक प्रचार अभियान के तहत विगत एक पखवारे से नुक्कड़ सभा, छोटी-छोटी जुलूस, नारे लगाते हुए प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सीएसटीयू की ओर



से निकाले गए तीन विभिन्न पर्चों का अलग-अलग समय वितरण किया गया और विभिन्न इलाकों में पोस्टर लगाए गए। अभियान 4 दिसंबर तक जारी रहेगा। हरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस क्षेत्र में मजदूर सहयोग केन्द्र मजदूरों के हक के लिए लगातार संघर्षरत और सक्रिय रहा है। अब मजदूर संगठनों की एकता से देशव्यापी नया केन्द्र सीएसटीयू गठित हुआ है। इससे शोषण व जिल्लत की जिंदगी जी रहे मजदूरों के भीतर उम्मीद की एक नई किरण पैदा हुई है। वक्ताओं ने बताया कि जिन मजदूरों के कारण मालिकों का करोड़ों का मुनाफा बनता है, उन्हीं मजदूरों का जीवन बेहद संकट से गुजर रहा है। इनमें ज्यादातर ठेका-अस्थाई मजदूर हैं, जिनका ना स्थाई रोजगार है, न ही गुजारा करने लायक मजदूरी है। सिड़कुल के तमाम कारखाने के भारी संख्या में मजदूर श्रम कानून के दायरे से बाहर काम करते हैं। औद्योगिक दुर्घटनाओं में मजदूरों की मौत या विकलांग होना आम बात बन चुकी है। अभियान में चंद्र मोहन लखेड़ा, महेंद्र सिंह, गोविंद, निरजेश यादव, यूसुफ, बालकरन, विद्या सागर, लोकेश पाठक, राजू, बालम सिंह, महबूब आलम, सुधीर, विकल, जमन सिंह, दीपक पंत, डूंगर सिंह, गोपाल, दीवान सिंह, सूरज बोरा आदि के नेतृत्व में दर्जनों मजदूर प्रचार अभियान में शामिल हैं।

# विद्युत समस्याओं से अधिशासी अभियंता को कराया अवगत

गदरपुर( उद संवाददाता)। वार्ड नंबर 10 आजाद नगर में आए दिन विद्युत विभाग की लाइनों में होने वाले फॉल्ट और अन्य समस्याओं को लेकर समाजसेवी/ कांग्रेस के नगर सचिव मोहम्मद शादाब ने रुद्रपुर पहुंच कर विद्युत विभाग के ई अधिशासी अभियंता उमाकांत चतुर्वेदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वार्ड



नंबर 10 आजाद नगर में होने वाली विद्युत समस्याओं से अवगत कराया। मोहम्मद शादाब ने जानकारी देते हुए बताया कि पुनयानी गली में अक्सर फाल्ट हो जाता है जिसकी वजह से वार्ड वासियों को रात-रात भर जागकर लाइट ठीक करवानी पड़ती है। लाईट न होने से छोटे-छोटे बच्चों आदि को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है।उन्होंने पुनयानी गली मेन रोड और वार्ड में उच्च क्वालिटी की तार लगाने की भी मांग की। जिस पर श्री चतुर्वेदी ने जल्द जांच कर निस्तारण की बात कही।

# साहिबजादा जोरावर सिंह के जन्मदिन पर वृक्षारोपण

गदरपुर( उद संवाददाता)। ग्राम रामजीवन पुर स्थित नवोदय पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु एवं तुलसी के पौधों का रोपण किए जाने से क्षेत्र का वातावरण संतुलित रहता है उन्होंने बताया कि बरगद के पेड़ से शुद्ध द्वारा अपने जन्मदिन पर भी बच्चों से अपने विचार सांझे किये उन्होंने सभी बच्चों से शिक्षण कार्य को तन मन से



गोविंद सिंह जी के सुपुत्र बाबा जोरावर सिंह के जन्मदिन पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न पौधों का रोपण एवं शिक्षिकाओं तथा बच्चों को सम्मानित किया गया। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई के संयोजक देवेंद्र सिंघ के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए बरगद,एलोवेरा ऑक्सीजन प्राप्त होती है तथा वह अपने क्षेत्र के काफी हिस्से का कार्बन डाइऑक्साइड भी सोख लेता है वही कार्यक्रम संयोजन देवेंद्र सिंघ ने बताया कि छोटी उम्र में बहादुरी की मिसाल कायम करने वाले गुरु गोविंद सिंह जी के सुपुत्र बाबा जोरावर सिंह के जन्मदिन पर बालिकाओं को और दुपट्टा एवं शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया वही विद्यालय की प्रधानाचार्य अंकित गुप्ता ग्रहण करने का आहवान किया। इस मौके पर मीडिया कर्मी किशन गुप्ता, शिक्षिका आशा रानी,संगीता,दीपिका, निशा एवं श्रीमान शुक्ला सर के अलावा श्याम,हिमेश,अरुण,अनुराग,राजा, अरुण,देवांश,रेहान,नेहा,कीर्ति, स्वीटी, अंशिका,अजय,शगुन, प्रीति,कृष ,ऋतिक, सोनू, भूरा, नैतिक ,सोनू, अंकुश, जूही, गीता, दीपा ,जुनैद,सोएब, शाहिद, ऋषभ सहित तमाम बच्चे मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने कराया सुखमनी साहिब का पाठ व लंगर

गदरपुर( उद संवाददाता)। गदरपुर सकैनिया मिलक खान मार्ग पर सकैनिया सरकारी अस्पताल से मजरा मरदान के बीच तीव्र मोड़ पर अब तक दर्जनों लोगों दुर्घटना में अपनी जान गवा चुके है। बीते लगभग हफ्ता पूर्व भी वेवक्ता के एक व्यक्ति की दुर्घटना में जान गई। जिनकी आत्मा की शांति के लिए ग्रामीणों ने कराया लंगर व सुखमणि साहिब का पाठ कराया गया। आपको बता दे की सकैनिया मिलक खान



मार्ग पर सकैनिया सरकारी अस्पताल को जाने वाले मार्ग से लेकर मजरा मरदान तक एक तीव्र मोड़ है जिस पर पिछले कई वर्षों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें अब तक दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है बीते 15 दिनों में भी अब तक दो दुर्घटना हो चुकी है जिसमें दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल और वेवक्ता के निवासी कश्मीर चन्द को दुर्घटना में अपनी जान गंवानी पड़ी। आय दिन हो रही मोड पर दुर्घटनाओं को देखते हुए सोमवार को सकैनिया के मजरा झुंनी के ग्रामीणों, समाजसेवी अमन कम्बोज की अगवाई में ग्राम के युवाओं ने मोड पर सुखमनी साहिब का पाठ व लंगर कराया जिससे मोड पर मार्ग दुर्घटना में अपनी जान गवा चुके लोगों की आत्मा को शांति मिल सके। इस दौरान कीर्तन जत्थे दार भाई सिमरनजीत सिंह जी बग्गी वाले ने शबद कीर्तन किया। इस दौरान समाजसेवी अमन कम्बोज, मुकेश कम्बोज, अभिषेक कम्बोज, अंशु कम्बोज, धीरज कम्बोज, गुरद्वारा सिंह सभा मजरा झुंनी के अध्यक्ष कश्मीर चंद, अमित विनायक, रूप चंद,देश राज,निहाल चंद,भगवान दास आदि ने शब्द कीर्तन सुन जीवन को धन्य किया व अब तक हादसे का शिकार हुये लोगों के लिए वाहेगुरु से अरदास विनती की।

# 5 दिसंबर से शुरू होगा हजरत कम्बल शाह बाबा का उर्स

गदरपुर( उद संवाददाता)। नगर में स्थित हजरत कंबल शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहि वसल्लम का 111 वा सालाना उर्स मुबारक 5 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है। कमेटी के अध्यक्ष फहीम सकलेनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 दिसंबर से हजरत कंबल शाह बाबा रहमतुल्लाह आलेही वसल्लम का 111वा उर्स शुरू हो जाएगा जिसमें 5 दिसंबर को कुल शरीफ,7 दिसंबर को कव्वाली,13 दिसंबर को कव्वाली,14 दिसंबर को खत्म शरीफ, और 15 दिसंबर को लंगर कर उर्स का समापन किया जाएगा वहीं समाजसेवी मोहम्मद शादाब ने जानकारी देते हुए बताया कि हजरत कमल शाह बाबा का उर्स 5 दिसंबर से शुरू होगा और 15 दिसंबर को समापन होगा। इस मौके पर कुल शरीफ एवं मिलाद व लंगर का आयोजन एहतराम पूर्वक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो भी इंसान हजरत कंबल शाह बाबा रहमतुल्लाह अलेही की चौखट पर जाकर अपनी खुशियों अमन चौन के लिए सच्चे मन से दुआएं करने पर उसकी दुआएं कबूल होती हैं। उन्होंने क्षेत्र की जनता से शांतिपूर्वक उर्स में आकर हजरत कंबल शाह बाबा रहमतुल्लाह अलैहि की दरगाह पर सलाम पेश करने की अपील की है।

# भाजपा नेता संजीव ने दिव्यांगजनों को किया सम्मानित

किच्छा( उद संवाददाता)। विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने दिव्यांगजनों की प्रतिभा, दृढ़ता और साहस को सलाम करते हुए उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जन समाज की अनमोल धरोहर हैं। उनकी मेहनत और आत्मविश्वास से प्रेरणा लेकर समाज में



सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। दिव्यांगता किसी के सपनों की राह में बाधा नहीं बन सकती। दिव्यांगता को अक्सर एक कमजोरी और बाधा के रूप में देखा जाता है, लेकिन दुनियाभर में हजारों ऐसे विकलांग लोग हैं, जिन्होंने अपनी स्थिति को चुनौती के रूप में लिया और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत और प्रतिभा से सफलता हासिल की। उन्होंने अपनी दिव्यांगता को कभी अपनी कमजोरी नहीं माना। उनकी कहानी आज भी हमें प्रेरणा देती है। हम सभी को दिव्यांगों को सम्मान देते हुए समानता की भावना रखते कार्य करना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सरकार ने दिव्यांगो को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए तमाम विकास की योजनाएं चलायी हुई हैं।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए अनुभवी अकाउंटेंट एवं अनुभवी इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा/डिग्री होल्डर की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन
प्लाट नं.12, सेक्टर IIDC सिडकुल
रूद्रपुर, मो. 9654467133

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से पीआरडी जवान की मौत

देहरादून। राजधानी देहरादून के क्लेमेनटाउन क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार कार ने चेकिंग कर रहे पीआरडी जवान को कुचल दिया। यह घटना डाट काली माता मंदिर टनल के पास हुई।जानकारी के अनुसार, कार सहारनपुर से देहरादून की ओर आ रही थी। हादसे के बाद कार का चालक यूटर्न लेकर सहारनपुर की ओर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पीआरडी जवान को अस्पताल ले गई, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राज्य कर अधिकारी सचल दल कुंदन सिंह तोमर की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।कुंदन सिंह तोमर के अनुसार, वे अपनी टीम के साथ सोमवार सुबह माता मंदिर टनल के पास चेकिंग कर रहे थे, तभी सहारनपुर की ओर से तेज रफ्तार काले रंग की HR नंबर वाली कार आई और सड़क से हटकर खड़े पीआरडी जवान 35 वर्षीय जंग बहादुर को टक्कर मार दी। जंग बहादुर की तैनाती राज्य सचल दल आशारोड़ी में थी। कार सवार टक्कर मारने के बाद घटनास्थल से फरार हो गया। पुलिस ने घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया,लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।थाना क्लेमेन्ट टाउन प्रभारी दीपक धारीवाल ने कहा कि अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि

समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# डीएम भदौरिया ने कार्यालयों का किया निरीक्षण

रूद्रपुर,(उद संवाददाता)। नव नियुक्त जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कार्यभार ग्रहण के पश्चात कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण करते हुये जानकारी हासिल की। श्री भदौरिया 2011 बैच के आईए भदौरिया ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत कोषागार पहुंचकर दो तालक का निरीक्षण कर चार्ज लिया। उन्होने बहुमूल्य वस्तुओ सम्बन्धित पंजिका, पैडलॉक पंजिका,स्टाम्प व अन्य पंजिकाओं का अवलोकन भी किया।डीएम ने कलेक्ट्रेट पूर्ति कार्यालय,अभियोजन,खनन,सूचना, एनआईसी, निर्वाचन सहित ऑग्ल अभिलेखागार, राजस्व अभिलेखागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने ई-ऑफिस आदि की जानकारी ली तथा सभी पत्रावलियों सुव्यवस्थित रखने के सुनी व उनके निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, मुख्य कोषाधिकारी डॉ पंकज कुमार शुक्ल, एसडीएम मनीष बिष्ट, ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पाण्डेय, डॉ अमृता





एस अधिकारी है। श्री भदौरिया इससे पूर्व अपर सचिव व निदेशक शहरी विकास, नगर आयुक्त देहरादून पद पर तैनात थे। इससे पहले जिलाधिकारी अल्मोड़ा भी तैनात रह चुके है। जिलाधिकारी श्री कार्यालय के सभी पटलो का निरीक्षण किया। उन्होने निरीक्षण के दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व,एडीएम नजूल, संयुक्त कार्यालय, तहसील कार्यालय, आपदा कार्यालय, एसएलओ,चकबन्दी,जिला निर्देश दिये।जिला निर्वाचन व पंचस्थानीय निर्वाचन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होने निर्वाचन के सभी कार्यो को समयबद्ध करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय में जन समस्याए शर्मा, तहसीलदार दिनेश कुटौला,जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमाशंकर नेगी, मुख्य वैयक्तिक अधिकारी आनंद विश्वकर्मा, वैयक्तिक सहायक कमलेश पंत आदि अधिकारी मौजूद थे।

# सचिव पंकज पांडे ने किया रूद्रपुर बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सचिव लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग उत्तराखण्ड शासन डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय ने सोमवार सांय 1152 करोड़ की धनराशि की लागत से 20.640 किमी लम्बी निर्माणाधीन रूद्रपुर बाईपास राजमार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होने बताया कि रूद्रपुर बाईपास का कार्य तेजी से चल रहा है जिसके पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्रीय जनता को जाम जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी एवं औद्योगिक संस्थानो को भी इसका भरपूर लाभ मिलेगा तथा अन्य प्रदेशों से



आने वाले पर्यटकों को भी सुगमता होगी जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होने कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य को पूर्ण करने के निर्देश पीडी एनएचआई को दिये। उन्होने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देश है कि जनपद व प्रदेश गड्ढामुक्त सड़क किया जाये जिसके क्रम में निरन्तर कार्य किया जा रहा है। पीडी एनएचआई विकास मित्तल ने बताया कि रूद्रपुर बाईपास के निर्माण पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर,2025 निर्धारित है। उन्होने बताया कि हमारा प्रयास है कि उक्त कार्य को निर्धारित समय सीमा से पहले कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, साईड इंजिनियर तुषार गुप्ता सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जाम से निजात दिलाने को व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर ईकाई द्वारा उप जिलाधिकारी परितोष वर्मा के माध्यम से नितिन गडकरी केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग भारत सरकार को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें उन्होंने कई समस्याओं से अवगत कराया गया। तहसीलदार सचिन कुमार की मौजूदगी में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 109 के हल्द्वानी- काठगोदाम से रानीबाग तक तथा भवाली से कैंची धाम तक लगातार जाम लगने के कारण पर्वतीय क्षेत्रों के सभी व्यवसायी प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही पर्यटन से जुड़े हुए व्यवसाईयों के व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लगातार जाम लगने के कारण पर्यटक कौसानी, चौकोरी, अल्मोड़ा, रानीखेत आदि स्थानों पर जाने से कतरा रहे हैं। जिससे वहां के पर्यटन व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़



रहा है। जिस कारण कुमाऊं मंडल के सभी पर्वतीय क्षेत्रों के व्यापार मंडल इस संदर्भ में आन्दोलन पर उतर आये हैं। काठगोदाम से रानीबाग के भीमताल डायवर्जन तक तथा भवाली से कैंची धाम तक यथासंभव सड़क चौड़ीकरण करवाने की त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश जारी करने की कृपा करेंगे। साथ ही क्वारब (अल्मोड़ा) में दीर्घ कालीन व्यवस्था के साथ काम करने के निर्देश जारी करेंगे। इन क्षेत्रों में लग रहे जाम में फंसे पर्यटक प्रदेश की व्यवस्थाओं पर सवालिया निशान लगा रहे हैं जिससे प्रदेश की छवि खराब हो रही है। जाम से निजात दिला कर व्यवसाय के साथ साथ पर्यटन को भी बचाने के लिए इस समस्या को अति गंभीर मानते हुए आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, महानगर महामंत्री मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, ग्रामीण महामंत्री पवन वर्मा, अतुल प्रताप सिंह, महिला जिला अध्यक्ष कुसुम दिगारी, जिला महिला महामंत्री उर्वशी बोरा,युवा अध्यक्ष उमेश गुप्ता, युवा महामंत्री तनिष्क शर्मा आदि मौजूद थे।

# 200 पाउच कच्ची शराब सहित तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा ष्ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन-2025ष को साकार करने के लिए जनपद के सभी थाना प्रभारियों को वृहद स्तर पर चेकिंग अभियान चलाकर नशे के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। जिस क्रम में राजेश जोशी थानाध्यक्ष चोरगलिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चोरगलिया क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता छिन्दर सिंह पुत्र सोहन सिंह निवासी नजीमाबाद धोहराडाम थाना किच्छा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 200 पाउच कच्ची शराब जिसमें66 लीटर कच्ची शराब भरी हुई थी बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब कब्जे में लेकर छिंदर सिंह को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक बलबीर सिंह राणा, हेड कार्तिकेय मलखान सिंह व जितेन्द्र सिंह शामिल थे।



# अर्द्धवार्षिक परीक्षाफल में सुमित व नंदनी रहे अव्वल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनता इण्टर कॉलेज में अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षाफल की घोषणा एक उत्सव के रूप में की गयी। जिसमें विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा परीणाम की घोषणा की। उन्होंने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बालक वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुमित कक्षा 7 ब के छात्र ने 93.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर वहीं बालिका वर्ग में नन्दनी 8 जी की छात्रा ने 93.55 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग (6,7,8) में 7 बी के सुमित व 8 बी के राज मजूमदार ने तथा 8 जी से नन्दनी ने, सब जूनियर वर्ग (9,10) में 10 बी से अर्पित गंगवार व




9 बी से अनुज कुमार एवं निशा 9 जी ने तथा सीनियर वर्ग (11,12) में 12 बी के यश चौहान व 12ए के मयंक और श्रीयशी पाण्डेय 12 जी अपने वर्गों में शीर्ष स्थान पर रहे। सभी छात्र छात्राओं को फूल मालाएं पहनाकर व मेडल देकर सम्मनित किया गया। इसके उपरान्त कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्रों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सतीश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि बेहतर भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा ही एक मात्र उपाय होता है। क्योंकि सफलता के लिए कोई शार्टकट नहीं होता। शिखर पर पहुँचने के लिए निरन्तर प्रयास करना होता है और निरन्तर प्रयास का परिणाम ही अच्छे भविष्य की ओर ले जाता है। इस अवसर पर संजय आर्य, महेन्द्र कुमार, अर्जुन सिंह, भुवन चन्द्र डूंगराकोटी, मनोज सिंह, मनोज जौहरी, पंकज, रचना नेगी, विजय त्रिवेदी, अनिल अनिल गंगवार, विरेन्द्र जोशी, उत्तम अधिकारी, देवेन्द्र रावत, सुरेश गुप्ता, हेम पन्त, गोविन्द, यतेन्द्र, चम्पा, रेनू, तथा सभी अध्यापक अध्यापिकाएं और अभिभावक मौजूद रहे।

# समस्त कार्यालयों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों पर संस्कृत भाषा में भी नाम पट्टिकाएं लगाये जायेंगे

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राज्य की द्वितीय राजभाषा संस्कृत को प्रोत्साहन दिये जाने के संबंध में जनपद के अंतर्गत समस्त कार्यालयों, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों, राज्य के प्रवेश द्वारों, महत्वपूर्ण स्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों में हिन्दी भाषा के साथ-साथ संस्कृत भाषा में भी नाम पट्टिकाएं/बोर्ड लगवाने संबंधी कार्य किए जाने की अपेक्षा की गयी है। सभी संबंधित विभाग उक्त कार्य को यथाशीघ्र कराते हुए कार्य प्रगति आख्या निर्धारित प्रारूप पर शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।




# चतुर्वेद शतकम पारायण यज्ञ के साथ आर्य समाज का वार्षिकोत्सव सम्पन्न




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य समाज रुद्रपुर में स्वामी दयानंद सरस्वती जी की 200 वें जयंती वर्ष एवं 74 वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में आठ दिवसीय श्री कृष्ण कथा का गत दिवस समापन हुआ। जिसमें प्रातः काल की पवित्र बेला में पंडित प्रभात कुमार द्वारा चतुर्वेद शतकम के मत्रों से यज्ञ समापन कराया। जिसमें यजमान राजकुमार चौधरी, उपाध्यक्ष शिक्षक संघ एवं श्रीमती शीतल चौधरी, श्रीमती भावना ग्रोवर एवं सुधीर ग्रोवर, श्रीमती दीपाली एवं विवेक कालड़ा एवं मेरठ से श्रीमती तनु कपूर व सुधीर्थ कपूर रहे। तदुपरांत पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल ने दीप प्रज्वलित कर कृष्ण कथा, आठवें दिवस का शुभारंभ किया। जिसमें मेरठ से पधारे आचार्य कुलदीप जी ने रणभूमि में करण व अर्जुन युद्ध, धर्म-अधर्म की व्याख्या, कृष्ण सुदामा मैत्री आदि प्रसंगों से श्रोताओं को भाव विभोर कर कथा का समापन किया। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व समाजसेवी संजय ठुकराल को संगठन सूक्त, सत्यार्थ प्रकाश व भगवान श्री कृष्ण की पुस्तक स्मृति चिन्ह के रूप में श्री जवाहरलाल तनेजा, महावीर प्रसाद गर्ग, रमन सिबल, पृथ्वीराज आर्य, राजेंद्र चांदना व डीपी यादव द्वारा दी गई। अंत में आर्य प्रतिनिधि सभा, उत्तराखंड के प्रधान डीपी यादव ने आर्य समाज की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही आगामी कार्यक्रम 23 दिसंबर स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस की जानकारी दी। उन्होंने सभी श्रोतागणों, दानदाताओं, आर्य समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओं व प्रबंधन, साथ ही शहर के विभिन्न संगठनों का आभार प्रकट किया। जिन्होंने इस कार्यक्रम में अपनी आहुति दी। ऋर्षी लंगर से कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में आर्य समाज के प्रधान पृथ्वीराज आर्य, मंत्री राजेंद्र चादंना, कोषाध्यक्ष अमित वासन, सोमनाथ कालड़ा, जवाहरलाल तनेजा, सुधीर ग्रोवर, सुरेश चंद्र गुप्ता, रतनलाल अरोड़ा, बजरंग लाल, राजकुमार गुलाटी, कैलाश गर्ग, मोहित गर्ग, बृजराज सिंह, अनिल गुप्ता, अजय वर्मा, हरीश तनेजा, यशपाल तनेजा, विशाल वासन, अमित कुकरेजा, मोहित यादव, चंद्र प्रकाश आर्य, बाबूराम आर्य, धर्मेंद्र तनेजा, सुभाष गुप्ता, पवन अग्रवाल, वेद अरोड़ा, वीना सिबल, लक्ष्मी देवी, संतोष आर्या, अलका तनेजा, चंचल तनेजा, शशि यादव, विमी चांदना, द्रोपदी देवी, भावना ग्रोवर, पल्लवी तनेजा, रेनू कुकरेजा, रुचि तनेजा ,अन्नपूर्णा गुप्ता, पूनम कालड़ा, श्रीमती सीमा गुलाटी, निधि वासन, शालू वासन, रमन सिबल, महावीर प्रसाद गर्ग, सुखदेव आर्य, सतीश तनेजा, जतिन चांदना, भव्य चांदना, मधुरअग्रवाल, वैभव, मानसी, प्रयाग, किरण , शशांक गुप्ता, सतवीर आर्य, अनुभव गुप्ता व आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राऐं मौजूद रहे।





# खोदी गई सड़कों को करें शीघ्र दुरुस्तः दीपक

## पेयजल व सीवर लाइनों के कार्य का किया निरीक्षण



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में एशियन डेवलेपमेंट बैंक द्वारा पेयजल एवं सीवर लाईनों के कार्यों का आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान कहा कि मुख्यमत्री के द्वारा निर्देश दिये कि पेयजल एवं सीवर के लिए जो सडक खोदी है सडक को पुनः स्थापित गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है या नही। उन्होंने कहा कि एडीबी द्वारा शहर के जिन क्षेत्रों में सडक मार्ग को पेयजल एवं सीवर लाईन हेतु खोदा गया है उन सडकों की मरम्मत शीघ्र करने के निर्देश प्रोजेक्ट मैनेजर एडीबी कुलदीप सिंह को दिये। आयुक्त द्वारा शनिबाजार, नीलियम कालोनी, भगवानपुर एवं पंनचक्की क्षेत्र के पेयजल एवं सीवर लाईनों का स्थलीय निरीक्षण किया। एडीबी द्वारा सीवर एवं पेयजल की लाईनों के निरीक्षण के दौरान आयुक्त को पेयजल एवं सीवर लाईनों की गुणवत्ता संतोष जनक पाई गई। उन्होने एडीबी के अधिकारियों से कहा जिन क्षेत्र मे पेयजल लाईनो की टैस्टिंग होनी है शीघ्र टैस्टिंग कराकर मार्ग की मरम्मत की जाए। आयुक्त ने भगवानपुर कें पेयजल लाईन में लूप टैस्टिंग का निरीक्षण किया। आयुक्त ने भगवानपुर में पेयजल लाईन के निरीक्षण के दौरान पेयजल लाईन मानकों के अनुसार डाले जाने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने एडीबी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने नीलियम कालौनी स्थित सिद्धेश्वर मन्दिर के दर्शन भी किये।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, उप जिलाधिकारी पारितोष वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर एडीबी कुलदीप सिंह के साथ ही विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मीना ने महिलाओं को दिलाई कांग्रेस की सदस्यता



रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार आने पर महिलाओं का पूरा सम्मान किया जाएगा और उनकी हर छोटी बड़ी समस्या का तुरंत समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वाबलंबी बनाने के लिए तमाम योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया जाएगा,और उनको मजबूत किया जाएगा। श्रीमती शर्मा ट्रांजिट कैंप की नारायण कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, और राजा कॉलोनी में आयोजित बैठकों को संबोधित कर रही थी। इस दौरान कई लोगों को कांग्रेस पार्टी की डिजिटल सदस्या भी दिलाई गई। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती शर्मा का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। बाद में श्रीमती शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश में सभी विकास कार्य ठप है, वहीं कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी निष्ठा, लगन, समर्पण, के साथ कांग्रेस को मजबूत बनाने में जुटे हैं और 2027 में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भारी मतों से जीतकर बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाने जा रही है, उन्होंने कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने पर तेजी से विकास होंगे, और महिलाओं के उत्थान के लिए भी अनेक योजनाएं चलाई जाएगी। इस अवसर पर निगम पार्षद पद के संभावित प्रत्याशी संजीव राठौड़, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, दिनेश मौर्य,मुरारी लाल, रामाधारी गंगवार, देवकी नंदन कोली, रामचंद्र, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी ।

# विकास कार्यों को तेजी से कराया जा रहा है पूरा : बेहड

## किच्छा में 2 करोड़ 64 लाख की लागत से नोगमा मल्लपुरा से ग्राम छिनकी मार्ग निर्माण की मिली स्वीकृति

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि उनके पूर्व के प्रयासों से किच्छा विधानसभा के अंतर्गत् नौगमा मल्लपुरा से ग्राम सभा छिनकी तक मार्ग जिसकी कुल लम्बाई 2.35 किलोमीटर है तथा लागत 2 करोड़ 64 लाख है की स्वीकृत 2024-25 में ग्रामीण निर्माण विभाग के अंतर्गत् नाबार्ड योजना के तहत प्राप्त हो गयी है तथा इसकी प्रथम किस्त के तौर पर वर्तमान में लगभग 71 लाख रूपये जारी भी कर दिए गए है। उनके द्वारा किच्छा में विकास बहुत तेज गति से जा रहा है जिन क्षेत्रों में कई वर्षों से विकास अवरुद्ध था या जिन क्षेत्रों की पूर्व में उपेक्षा की गयी थी वह भी तेजी से विकास कार्य कराये जा रहे है तथा उनका हमेशा प्रयास रहता है की पूरी विधानसभा के प्रत्येक कोने तक प्राथमिकता के आधार पर कार्यो को अंजाम तक पहुचाया जाए। विधायक बेहड़ ने कहा की वे किच्छा विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनायें जाने के पूरे प्लान से कार्य कर रहे है। विकास कार्यों के साथ साथ नयी विकास योजनाये भी तेजी से किच्छा में लायी जा रही है विकास की दृष्टि से किच्छा का आने वाला समय अत्यंत सुनहरा साबित होगा तथा उनके द्वारा कराये जा रहे विकास कार्य भविष्य में मील का पत्थर साबित होंगे ऐसा उनका अनुमान है । इससे पूर्व जनसंवाद कार्यक्रम के तहत तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी , स्वास्थ् , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। इस दौरान वार्ड न० 15 के निवासियों ने 200 मीटर सड़क का निर्माण कराये जाने तथा सार्वजनिक टंकी लगाये जाने का आग्रह किया इस दौरान मोहम्मद आरिफ, विद्यादेवी, कृष्णा, दिनेश, पूनम, शकुन्तला, कलावति, अरविन्द, हिमांशी, सुमन, प्रेमवती आदि लोग उपस्थित रहे, सुखदेव निवासी धौराडाम ने अपनी स्वास्थ्य सम्बंधित समस्यों को,अख्तरी बेगम निवासी दरउ ने अपनी विधुत सम्बंधित समस्या से विधायक बेहड को अवगत कराया । विधायक बेहड ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उसके निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए कुछ समस्याओ का मौके पर निस्तारण किया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्या के निदान हेतु आदेशित किया ।





उत्तरांचल दर्पण

सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# किसानों की मांग

किसानों की समस्याओं और उनकी मांगों पर पारदर्शी ढंग से बातचीत और समाधान न हो पाने का ही नतीजा है कि वे बार-बार आंदोलन की राह पर चल पड़ते हैं। गौतम बुद्ध नगर और उसके आसपास के जिलों के किसान इसीलिए एक बार फिर दिल्ली की तरफ कूच कर गए और सोमवार को दिन भर लोगों को यातायात में बाधा से जूझना पड़ा। दिल्ली-नोएडा सीमा पर भारी पुलिस बल तैनात होने और अवरोधक लगाए जाने के बावजूद किसान नहीं रुके। हालांकि शाम होते-होते उन्होंने अपना फैसला बदल लिया और कहा कि सरकार से बातचीत में अगर संतोषजनक नतीजे नहीं निकलते हैं, तो वे दिल्ली की तरफ फिर से कूच करेंगे।ये किसान कई वर्ष से अव्यावहारिक ढंग से निर्धारित किए गए मुआवजे में बढ़ोतरी और भुगतान की मांग कर रहे हैं। इससे पहले भी कई बार वे दिल्ली की तरफ बढ़ने का प्रयास कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश करते रहे हैं, मगर उनकी मांगों पर ठीक से विचार नहीं किया गया। दरअसल, अलग-अलग सरकारों के समय अलग-अलग मुआवजा नीति के तहत नोएडा के किसानों से ली गई जमीन का भुगतान किया गया। उनमें बहुत सारे किसानों को उचित मुआवजा नहीं मिल पाया, जिसे लेकर वे आंदोलन करते रहे हैं। विकास परियोजनाओं के लिए ली गई जमीन के मुआवजा भुगतान में अपारदर्शिता की शिकायतें अक्सर मिलती रही हैं। उनके निपटारे पर गंभीरता नहीं दिखाई जाती, जिसके चलते हजारों किसान लंबे समय से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। यों तो सरकारें किसानों की आय बढ़ाने, आपदा के समय उनकी फसल का उचित मुआवजा दिलाने, फसल बीमा, किसान कर्ज में सहूलियत, भूमिहीन किसानों के लिए रोजगार, जमीन के मुआवजे का उचित भुगतान आदि के दावे बढ़-चढ़ कर करती हैं, मगर हकीकत यही है कि भ्रष्टाचार के कारण किसानों तक वाजिब रकम नहीं पहुंच पाती। गौतमबुद्ध नगर के किसान पिछले दस वर्षों में अधिग्रहीत भूमि का बाजार मूल्य से चार गुना अधिक भुगतान करने, उससे पहले यानी पुरानी अधिग्रहण नीति के तहत ली गई जमीन का बढ़ी हुई कीमत पर भुगतान करने, इन मांगों के संबंध में गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों को लागू करने आदि की मांग कर रहे हैं। ये ऐसे मुद्दे नहीं हैं, जिन पर किसानों के साथ तार्किक ढंग से बात न की जा सके। इस मामले में प्रशासनिक शिथिलता के कारण किसान धुंधलके में बने हुए हैं। दरअसल, किसानों की समस्याओं पर कोई भी सरकार संवेदनशील नजर नहीं आती। न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी का मुद्दा पुराना है। इसे लेकर किसान लंबे समय तक धरने पर बैठे रहे। प्रधानमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस मामले में शीघ्र निर्णय किया जाएगा और किसानों ने धरना वापस ले लिया था। मगर अब तक उस दिशा में कोई कदम आगे नहीं बढ़ाया जा सका है। इस वजह से कई बार पंजाब और हरियाणा के किसान दिल्ली कूच को निकल चुके हैं, जिन्हें रोकने के लिए पुलिस को शक्ति प्रदर्शन करना पड़ा।

# 15 गारंटी योजनाएं को लेकर चुनाव में उतरेगी आप

किच्छा(उद संवाददाता)। स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने स्थानीय निकायों में अपना कब्जा स्थापित करने के लिए 15 गारंटी योजनाएं को लेकर चुनावी मैदान में उतरने का ऐलान किया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह ने कहा कि आगामी स्थानी निकाय के चुनाव को लेकर के आम आदमी पार्टी तथा आम आदमी पार्टी में आम लोगों के लिए 15 गारंटी निर्धारित की जिन्हें स्थानीय निकाय में जीत हासिल करने के बाद जनमानस के लिए पूर्ण किया जाएगा 15 गारंटी में वर्षों से खाली पड़ी निगम भूमि पर स्मार्ट स्कूल बनाकर बच्चों को फ्री शिक्षा देना, 4 से 5 वार्डो पर एक मोहल्ला क्लीनिक बनाना, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना, मलिन बस्तियों को मालिकाना हक देना, मोहल्ला व कॉलोनी में उच्च कोर्ट की हाई मास्क लाइटिंग लगाना, बालिका अधिकारियों द्वारा घर पर पहुंचकर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाना, अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से की जाने वाली अवैध वसूली पर रोक लगाना, ठेका प्रधान सफाई करने को पक्का करना हाथी कर्मचारियों के लिए हल्का, बैठने की व्यवस्था करना ,जनता के सुविधा के लिए शहर में पार्किंग बनाना, शहर के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वाचनालय वह पुस्तकालय बनाना, शहर के बीच बड़े पार्कों का कायाकल्प करना पालिका भूमि पर बारात घरों का निर्माण करना वह न्यूनतम दरों पर आम जनता के लिए उपलब्ध कराना, लोगों रोजगार देना सड़क निर्माण में घटिया सामग्री पर रोक लगाना आदि मुख्य है उन्होंने कहा कि सभी 15 गारंटीयों को आम आदमी पार्टी तभी हल कर सकती है जब जनता पानी निकाय के चुनाव में सत्ता सिंह कर देगी उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर




मतदाताओं को आम नागरिकों को जागृत करेंगे तथा आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस नागरिकों को सुविधा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कर पा रही है आम आदमी का सन आम आदमी पार्टी का संकल्प है कि प्रत्येक नागरिक को संविधान सम्मत उसके हक दिए जाएं इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री कुलवंत सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी पूरे उत्तराखंड में 15 गारंटी को लेकर उतरी है तथा स्थानीय निकाय चुनाव में आप अपना परचम लहराएगी जिसके लिए प्रदेश स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा चुकी हैं और जनता भी उत्तराखंड में परिवर्तन चाहती है ।

# हल्द्वानी के कृतेश बिष्ट को मिला ईपिक अवार्ड

नैनीताल(उद संवाददाता)। हल्द्वानी के युवा उद्यमी और समाजसेवी कृतेश बिष्ट ने इंग्लैंड में प्रतिष्ठित ईपिक अवार्ड जीतकर शहर और उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। उन्हें" इंक्लूजन चौंपियन के रूप में यह सम्मान समानता और समावेशन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिया गया।कृतेश ने अपनी संस्था इन स्टूडेंट के माध्यम से वंचित और ग्रामीण छात्रों के लिए शिक्षा और कौशल विकास के कई प्रभावशाली प्रोजेक्ट शुरू किए हैं। उनकी पहल स्किल पोर्टऔर इक्वल ऑपर्च्युनिएज प्रोजेक्ट हजारों छात्रों को बेहतर शिक्षा और करियर के अवसर प्रदान कर रही है।अपने भाषण में कृतेश ने कहा,"यह अवार्ड मेरे साथ उन सभी लोगों का है जिन्होंने इस सफर में मेरा साथ दिया। समावेशन सिर्फ एक लक्ष्य



नहीं, हमारी जिम्मेदारी है।" हल्द्वानी के इस होनहार युवा की सफलता ने साबित किया कि छोटे शहरों से निकले युवा भी वैश्विक स्तर पर बड़ा प्रभाव डाल सकते हैं। कृतेश ने अपनी सफलता को अपने शहर और देश को समर्पित करते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि वे अपने सपनों को साकार करने के लिए मेहनत और लगन से काम करें। बिष्ट रीवा एनक्लेव फेस 2, बिठौरिया नंबर 1, हल्द्वानी के श्री दिनेश बिष्ट ( अध्यक्ष एस जे बी एम फाउंडेशन) तथा चंद्रिका बिष्ट, डिजाइनर सुवर्णा एंटरप्राइजेज की पुत्र है ।उनकी बहिन गौरी बिष्ट स्नातक पंतनगर विश्वविद्यालय में अध्ययन रत है।कृतेश बिष्ट पूर्व स्टूडेंट आर्यमान विक्रम बिरला स्कूल हल्द्वानी,स्नातक : दिल्ली विश्वविद्यालय,स्नातकोत्तर : बर्मिंघम विश्वविद्यालय , ब्रिटेन में अध्ययन कर रहे है । कूटा अध्यक्ष प्रॉफ ललित तिवारी एवं महासचिव डॉ विजय कुमार ने बधाई दी।

# भव्यता के साथ आयोजित होगा उत्तरायणी मेला

## 13 जनवरी को होगा सात दिवसीय मेले का शुभारंभ,जनप्रतिनिधियों मेलासमिति और अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

बागेश्वर(उद संवाददाता)। देश विदेश में अपनी पुरातन ऐतिहासिक धार्मिक और राजनीतिक रूप से प्रसिद्ध उत्तरायणी मेले की तैयारियों और सुझावों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में बैठक हुई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दर्जा राज्य मंत्री शिव सिंह बिष्ट, बागेश्वर विधायक पार्वती दास,कपकोट विधायक सुरेश गड़िया एवं जिलाधिकारी आशीष भटगांई की उपस्थिति में ऐतिहासिक,धार्मिक व पौराणिक उत्तरायणी मेला 2025 की तैयारियों को लेकर जनपद के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों, व्यापारियों तथा विभागीय अधिकारियों के साथ पहली बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर लोगों के सुझाव लिए गए तथा विचार विमर्श किया गया। बैठक में तय किया गया कि इस वर्ष उत्तरायणी मेला सात दिन का कराया जाएगा,जिसका शुभारंभ 13 जनवरी से होगा। जिला कार्यालय सभागार में उत्तरायणी मेले की तैयारी संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि उत्तरायणी मेला बागेश्वर की पहचान है,मेले को शान्तिपूर्वक, साफ एवं स्वच्छ सम्पन्न कराने के लिए सभी का सहयोग होना जरूरी है। मेले की महत्ता को संरक्षित करते हुए इसका आयोजन किया जाएगा। मेले को भव्य रूप देने के लिए पूरी कोशिश की जायेगी ताकि बाहर से आने वाले लोग भी अच्छा संदेश लेकर जाएं। मेले की व्यवस्थाओं पर आपस में विचार विमर्श कर मेले को आकर्षक एवं भव्य रूप देने का पूरा प्रयास किया जाएगा। मेले में स्थानीय कलाकारों को पारम्परिक विधाओं को उजागर करने का मौका देने के साथ ही झोड़ा, चांचरी,छपेली,स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी प्राथमिकता के साथ होगा। उन्होंने कहा मेले को भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिए सभी विभागों द्वारा नुमाईशखेत मैदान में स्टॉल लगाये जाएंगे। डीएम ने कहा कि पूरा मेला परिसर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। इसके लिए जिलाधिकारी ने पुलिस को सभी आवश्यक तैयारियां यथासमय पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान स्वच्छता का भी विशेष ध्यान देने और नशा मुक्ति को लेकर वाल राईटिंग स्लोगन के माध्यम से आमजनमानस को सन्देश देने पर भी जोर दिया गया। सफाई व्यवस्था पर चर्चा करते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अधिशासी अभियंता लोनिवि,सिंचाई व एनएच को मेला शुरू होने से पूर्व सड़कों,नालियों,गलियों,मेला क्षेत्र, नदीतट,घाटों ,मन्दिरों आदि की पर्याप्त सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए। अधिशासी अभियन्ता लोनिवि व सिंचाई को नदी के तटबंधों की सफाई,रंगरोगन व रैलिंग आदि बनाने की कार्यवाही समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मेले के दौरान सफाई व्यवस्था दूरस्थ रखने हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि मेले में सफाई व्यवस्था महत्वपूर्ण मुद्दा है इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही करने, पर्याप्त शौचालय के साथ पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाये रखने की जिम्मेदारी जलसंस्थान को दी गई । मेला अवधि में ईई विद्युत को विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाये रखने के निर्देश दिए तथा जहां जहां भी




विद्युत व्यवस्था की जाती है उसे समय से पूर्ण करने को कहा गया। मेले के दौरान आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु जिला पूर्ति विभाग को निर्देशित किया गया। सर्वसम्मति से तय किया गया कि विभागीय प्रदर्शनी एवं स्टालों का निर्माण नुमाईशखेत मैदान में किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु स्थानीय कलाकारों को महत्व देने पर चर्चा की गई तथा उपलब्ध बजट के अनुसार कलाकारों को आमंत्रित करने पर सहमति बनी। खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन हेतु जिला क्रीडा अधिकारी को मेले के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित करने के निर्देश दिए गए। सेना के बैंड के माध्यम से मेले के स्वरूप को और भव्य एवं आकर्षण बनाने के लिए सैनिक कल्याण अधिकारी को पत्राचार करने के निर्देश दिए गए। मेले के दौरान शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस विभाग को पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के लिए कहा गया। यातायात व्यवस्था पर उपजिलाधिकारी बागेश्वर/मेलाधिकारी मोनिका ने कहा कि मेला अवधि में कपकोट- भराडी एवं रीमा को संचालित होने वाली वाहन पिण्डारी मोटर मार्ग स्थित टैक्सी स्टैण्ड से, काण्डा की ओर जाने-आने वाले वाहन मण्डलसेरा बाइपास से तथा गरूड को जाने-आने वाले बागेश्वर बस स्टैण्ड से ताकुला की ओर से आने-जाने वाले वाहन ताकुला मोटर मार्ग पेट्रोल पम्प तिराहे से संचालित होती है। बैठक में तय किया गया कि यातायात व्यवस्था इस प्रकार हो कि मेलार्थियों व श्रृद्धालुओं के आवागमन में किसी तरह की अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़ें तथा जाम की स्थिति भी उत्पन्न न होने पाए। इस दौरान दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट व विधायक पार्वती दास,सुरेश गड़िया ने उत्तरायणी मेले को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा करते हुए सामंजस्य के साथ कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने यातायात के साथ ही सुरक्षा व्यस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। मेले का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार के साथ ही यहां की पारम्परिक संस्कृति, उत्पादों को देश और दुनिया में पहचान दिलाने के लिए सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने पर भी जोर दिया गया।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, एडीएम एनएस नबियाल,उपजिलाधिकारी मोनिका,मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुमार आदित्य तिवारी,सीओ अंकित कंडारी सहित निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका सुरेश खेतवाल, इंदर सिंह परिहार,दलीप सिंह खेतवाल, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलडा, व्यापार संघ अध्यक्ष कवि जोशी नरेंद्र खेतवाल,संजय शाह जगाती,गोविंद सिंह भण्डारी,जयन्त भाकुनी,हरीश सोनी,बाला दत्त तिवारी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस भगत डसीला,भुबन काण्डपाल, नीमा दफौटी, प्रधान पुजारी नन्दन रावल,मोहन उप्रेती, कुंदन धपोला,बब्लू नेगी,गीता रावल, दीपक खेतवाल समेत अन्य विभागीय अधिकारी, व्यापारी, एवं जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



# भारत विविधताओं से भरा एक अनोखा राष्ट्र : राज्यपाल

## स्थापना दिवस पर राज्यपाल ने नागालैंड एवं असम के छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में नागालैंड और असम राज्य के वासियों को पूरे उत्तराखण्ड की ओर से राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड में शिक्षा ग्रहण करने आए छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इस अवसर पर नागालैंड एवं असम के इन छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। राज्यपाल ने सभी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपना देश विविधताओं से भरा एक अनोखा राष्ट्र है, जिसका निर्माण अनेक बोली-भाषाओं, समृद्ध संस्कृतियों और अनेक धर्मों के ताने-बानों से हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने देशवासियों से अपने देश की विविधता में एकता का जश्न मनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कामना की, कि "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" के उद्देश्य को पूरा करने के लिए देश के सभी राज्यों में सांस्कृतिक रूप से जुड़ाव हो, हम सभी भारतीयों के आपसी संबंध मजबूत हों। राज्यपाल ने कहा कि विभिन्न राज्यों के लोगों का आपसी एवं सांस्कृतिक मेल-मिलाप बहुत जरूरी है। जहां एक ओर इससे आपसी रिश्ते मजबूत होंगे वहीं दूसरी ओर आपसी समझ और विश्वास भी बढ़ेगा, यही भारत के ताकत की नींव भी है। "एक भारत-श्रेष्ठ भारत" के रूप में देश के प्रत्येक राजभवन में सभी प्रदेशों के स्थापना दिवसों के आयोजन की अनूठी पहल के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। राज्यपाल ने कहा कि नागालैंड अपनी विशिष्ट पहचान और विविधताओं के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। यहां के आदिवासी समुदाय, उनकी भाषाएं, पहनावा, लोक कला, नृत्य और त्योहार भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व में प्रसिद्ध हैं। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाला नागालैंड का प्रसिद्ध Hornbill Festival" हर साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। यह राज्य अपनी प्राचीन परंपराओं को संजोए रखने के साथ ही आधुनिकता के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड और नागालैंड दोनों ही राज्य प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्त्व से संपन्न हैं। उत्तराखण्ड जहां अपने सुंदर और आकर्षित पहाड़ों, मंदिरों और धार्मिक ध रोहरों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं नागालैंड अपने जंगलों, हरियाली से पूर्ण इलाकों और सांस्कृतिक धरोहरों के लिए समर्पित है। यह दोनों राज्य अपने-अपने क्षेत्रों में विविधता के प्रतीक हैं, और दोनों की जनता अपने आदिवासी, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहलुओं पर गर्व करती है। उन्होंने कहा कि वनस्पतियों और जीवों की समृद्धता को देखते हुए नागालैंड को पूरब का स्विट्जरलैंड भी कहा जाता है। उन्होंने 'नागालैंड की रानी लक्ष्मीबाई' के रूप में जानी जाने वाली रानी गाइदिन्ल्यू का स्मरण करते हुए कहा कि रानी गाइदिन्ल्यू ने स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय साहस का परिचय देकर यह साबित कर दिया कि भारतीय नारियां किसी भी क्षेत्र में किसी से भी कम नहीं है। नागालैंड की कला और हस्तशिल्प, विशेष रूप से यहां के पारंपरिक वेशभूषा, शिल्प और मिट्टी के बर्तन वैश्विक बाजार में अपनी एक अलग पहचान बना चुके हैं। राज्यपाल ने असम राज्य के नागरिकों को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन हमें असम की समृद्ध संस्कृति, सांस्कृतिक विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और गौरवशाली इतिहास का उत्सव मनाने का अवसर है। कामाख्या मंदिर और पवित्र ब्रह्मपुत्र के तटों के कारण असम आध्यात्मिकता का केंद्र भी है, जो लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करते हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारी संस्कृति और प्रकृति असम और उत्तराखण्ड के संबंध को प्रगाढ़ बनाती है। उत्तराखण्ड की खूबसूरत वादियां जितनी अद्वितीय हैं, असम के चाय के बागान, ब्रह्मपुत्र नदी और हरित वनों की सुंदरता भी उतनी ही मनमोहक है। दोनों ही राज्य पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए विशेष संकल्पित हैं। जहां एक ओर असम के विभिन्न जनजातीय समूह अपनी परंपराओं, संगीत और कला से राज्य को समृद्ध करते हैं वहीं दूसरी ओर वन्यजीव अभ्यारण्य जैसे काजीरंगा और मानस नेशनल पार्क और ब्रह्मपुत्र नदी पर साहसिक खेलों के लिए असम विख्यात है। दोनों राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यपाल ने इन राज्यों के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने अपनी सांस्कृतिक पहचान और प्राकृतिक सौंदर्य को सहेजते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि हम सभी साथ मिलकर राष्ट्रीय एकता और विकास में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। हम सभी एक-दूसरे को समझकर देश की एकता, अखंडता और समृद्धि को बनाए रखने लिए अपना योगदान दें।

# धुराफाट क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को लेकर क्षेत्रवासियों में रोष

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जनपद के काफलीगैर तहसील के धूराफाट क्षेत्र की पंपिंग योजना में आए दिन खराबी आने के कारण क्षेत्र की पांच हजार से अधिक की आबादी पानी के लिए तरस रही है। क्षेत्र के लिए बनी पंपिंग पेयजल योजना में आए दिन खराबी आने से लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। धूराफाट क्षेत्र के रैखोली, सिया, बौड़ी, नापातल, कभड़ा, बोहाला, एरियागाड़, असों, पाना,तरमोली सहित अन्य गांवों को पेयजल उपलब्ध कराने वाली धूराफाट-बौड़ी पेयजल योजना फिर तीन दिन से खराब हो गई है। उपभोक्ताओं ने कहा कि सरयू नदी से बनी इस पेयजल योजना से क्षेत्र के दर्जनों गांवों को पेयजल आपूर्ति



करने की योजना बनाई गई थी परंतु योजना बार बार खराब हो जा रही है।वहीं लोगों ने क्षेत्र के लिए बनी पंपिंग योजना बार बार खराब होने के बाद भी जलसंस्थान द्वारा केवल महज रिपेयरिंग दिखाकर पुराने पंपो से ही योजना का संचालन कराया जाता है। आए दिन पंपिंग योजना में खराबी आने के बाद भी क्षेत्र में नेतागिरी करने वाले लोगो द्वारा इस पर जलसंस्थान के खिलाफ आवाज तक नहीं उठाई जाती है जिस कारण से मिलीभगत के चलते केवल खानापूर्ति कर योजना को सही करने की बात कही जाती है परंतु पुनः कुछ दिनों बाद पंपिंग मशीन फिर खराब होने से क्षेत्रीय उपभोक्ताओं को पेयजल समस्या का समाधान करना पड़ता है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरयू नदी में प्रथम चरण में लगे पंपिंग मशीन के आए दिन खराब होने के बाद उसके रखरखाव में नई पंपिंग मशीन से ज्यादा खर्च किया गया है। परंतु तीन दिन से यह योजना पूर्णतया बंद हो गई है तथा ग्रामीण पानी की बूंद के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने गांव में ही जलसंस्थान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र पेयजल योजना सुचारू नहीं की तो ग्रामीण जिला मुख्यालय में जाकर आंदोलन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में बालम सिंह रावत , आनंद सिंह , राजेंद्र सिंह, शंकर सिंह, गोविंद सिंह, कैलाश राम, पंकज सिंह, दरवान सिँह पान सिंह,सुरेश सिंह गोपाल सिंह, रमेश सिंह आदि उपस्थित थे। इधर जल संस्थान के अधिशासी अभियंता सीएस देवड़ी ने बताया कि पंपिंग योजनाके सरयू नदी में बने पंप हाउस की मोटर में तकनीकी खराबी होने के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हुई है। जिसे तकनीशियन द्वारा ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द पेयजल योजना सुचारू कर दी जाएगी


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम पलविंदर कौर (PALWINDER KAUR) से बदलकर पलविंदर कौर (PALVINDER KAUR) रख लिया है भविष्य में मुझे पलविंदर कौर (PALVINDER KAUR) के नाम से जाना पहचाना जाए।

**पलविंदर कौर पत्नी - श्री हरप्रीत सिंह**
**निवासी -ग्राम व पोस्ट नानकमत्ता**
**सितारगंज ,उधम सिंह नगर, उत्तराखंड**


# पेयजल की समुचित आपूर्ति के लिए डीएम ने किया जांच समितियों का गठन

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आलोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि जनपद में जल जीवन मिशन योजना अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों के गुणवत्तापूर्ण एवं मानकों के अनुरूप नहीं होने व पेयजल की समुचित आपूर्ति नहीं होने आदि के सम्बन्ध में समय-समय पर विभिन्न माध्यमों से शिकायतें प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन जैसी व्यापक जनहितकारी/महत्वपूर्ण एवं समयबद्ध योजना के क्रियान्वयन में इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त होना कदापि उचित नहीं है एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है। जिलाधिकारी ने बताया कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा उपलब्ध कराई गयी सूची के अनुसार जिनमें शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है उन योजनओं की जॉच हेतु पृथक-पृथक योजना हेतु दो-दो सदस्यीय जॉच समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने गठित समितियों हेतु नामित अधिकारी को निर्देश दिये है कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत सम्पादित कार्यों की उनकी डीपीआर का अवलोकन कर उनमें उल्लिखित शर्तों/मानकों/नियमों के अनुरूप उनकी गुणवत्ता एवं जन आकांक्षाओं के अनुरूप उनकी सार्थकता तथा वर्तमान में पेयजल आपूर्ति की स्थिति आदि के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण कर जॉच करना सुनिश्चित करेंगे एवं यदि जॉच के दौरान कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही दृष्टिगोचर होती है या जन शिकायत की पुष्टि होती है तो इस सम्बन्ध में सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित किये जाने हेतु अपने स्पष्ट मंतव्य सहित विस्तृत जॉच रिर्पोट एक पक्ष के अन्दर जिलाधिकारी कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करेंगे। स्थलीय निरीक्षण के सम्बन्ध में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों/जनता को भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

# पेज एक का शेष...

**एनकाउंटर में गौमांस...** उक्त मोटरसाइकिल को रोकने के लिए बताया। जिसका पीछा करने पर मोटरसाईकिल चालक वाहन कोलकाता फॉर्म को जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे छोड़कर आम के बगीचे की ओर भागने लगा। जिसका पीछा करते पुलिस भी आम के बगीचे की ओर गई। तो उक्त व्यक्ति द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में उस व्यक्ति के पैर में गोली लगी जिसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसको मौके पर ही पकड़ लिया गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम तसलीम पुत्र छोटे निवासी वार्ड नंबर 15 कुरैशी मोहल्ला थाना किच्छा बताया । तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर इसके आगे पीछे नंबर प्लेट नहीं मिली। जिसके पीछे बंधे कट्टे को खोला गया तो बैग के अंदर लगभग 20 किलो गौ मांस था। मुठभेड़ में घायल व्यक्ति को सरकारी अस्पताल की किच्छा भेजा गया। पुलिस ने बरामद गौ मांस कब्जे में लेकर गौ मांस तस्कर तस्लीम के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गये गौ तस्कर तस्लीम पर थाना पुलभट्टा, थाना किच्छा , थाना बहेड़ी में हत्या,भैंस चोरी, गोकशी और चोरी के काफी अभियोग पंजीकृत हैं।

**कार का शीशा तोड़...**बैंग में रख किसी कार्य के लिए श्री अंगद देव कॉम्प्लैक्स में एयरटेल कार्यालय आये थे। उन्होंने अपनी कार काम्प्लैक्स के आगे पार्क कर दी थी। करीब 12.50 बजे जब वह बाहर वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनकी कार का शीशा टूटा हुआ है और कार में रखा नोटों से भरा बैग नदारद है। जो सीट के नीचे रखकर गये थे। उन्होंने मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने शुरू कर दिये। बताया जा रहा है कि अज्ञात व्यक्ति ने विपिन की कार के साथ अपनी कार खड़ी की और अपनी कार से ही विपिन की कार का शीशा तोड़कर बैग निकाल लिया और मौके से भाग गया। पुलिस को संदेह है कि अज्ञात व्यक्ति बैंक से ही विपिन का पीछा कर रहा होगा और यहां मौका मिलने पर उसने नगदी कार से निकालने की घटना को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

**अलकनंदा में समाया...** नहीं थी, लेकिन सुबह जब स्थानीय लोगों ने खाई में नदी के अंदर पड़े ट्रक को देखा, तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और ट्रक सवार लोगों के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस के मुताबिक, ट्रक में कुंदन सिंह और मनोज सवार थे, जिनका हादसे के बाद से कोई पता नहीं चला है। ट्रक पूरी तरह से अलकनंदा नदी में डूब चुका है और उसने नेशनल हाईवे पर लगे पैराफिट को तोड़ते हुए 200 मीटर गहरी खाई में गिरकर नदी में समा गया। एसडी आरएफ के यूनिट इंचार्ज अजय ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 8 बजे हादसे की जानकारी मिली थी। लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है, और जब तक दोनों नहीं मिलते, ऑपरेशन जारी रहेगा। श्रीनगर कोतवाली के कोतवाल मणिभूषण श्रीवास्तव के अनुसार, हादसा देर रात हुआ था, लेकिन जानकारी सुबह मिली। ट्रक में सवार दोनों लोग लापता हैं, और नदी की गहराई के कारण उनकी तलाश में मुश्किलें आ रही हैं

**अम्बेडकर पार्क से ..** जाने का आग्रह किया गया था। जिस पर निगम द्वारा यहां सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए रेता, बजरी व सीमेंट कट्टे डलवा दिये गये। परंतु आज निगम ने सारी निर्माण सामग्री यह कर उठवाली कि निर्माण कार्य यहां नहीं होगा। उन्होंने कहा कि पार्क को खाली कराने के लिए निगम प्रशासन को कई बार आग्रह किया जा चुका है। इस कार्यक्रम की भी सूचना काफी पहले निगम को दी गई है। परंतु निगम अपने अड़ियल रवैये पर टिका हुआ है। दीपक ने कहा कि निगम के दलित विरोधी रवैये को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यह पार्क भारत रत्न ड़ा. भीमराव अम्बेडकर के नाम से है यहां किसी भी तरह से अतिक्रमण को दलित समाज सहन नहीं करेगा। यह पार्क तत्काल खाली कर डा.भीमराव अम्बेडकर युवा मंच को सौंपा जाये ताकि आगामी 6 दिसम्बर को कार्यक्रम का आयोजन किया जा सके। पार्क की दीवारों पर हो रही रंगाई पुताई और कार्यक्रम को देखते हुए आगामी 6 दिसम्बर तक पार्क में कोई भी ठेली नहीं लगाई जायेगी। इस दौरान रंजीत सागर, सुशील सिंह, केपी गंगवार, कांति कोली, राजकुमार, राजो रजौरिया, सोनू सागर, नरेन्द्र सागर, विजेन्द्र सागर, धीरज सागर, रविन्द्र सागर, मिंटू सागर, अजय सागर, शिव कुमार सागर, अमित सागर सहित दलित समाज के भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

**सुबह 10 से 12 बजे...**नागरिकों को इन आयोजनों का लाभ उठाना चाहिए तथा अपनी समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि जनता को जिला मुख्यालय के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें। इसलिए जो समस्या जिस स्तर की है, उस समस्या का उसी स्तर पर निस्तारण हो जाना चाहिए। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनता से मिलने के लिए समय निर्धारित रखें। कहा कि समय-समय पर आयोजित होने वाले तहसील दिवस का जनता को अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहिए। जिलाधिकारी नितिन भदोरिया अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय विधायक तिलक राज बेहड़ हिमांशु जोशी पी डी, उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकार बहादुर सिंह चौहान, को वाले प्रभारी धीरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, हांजी सरवर यार खान, राजस्व विभाग के हल्का पटवारी दीपक सिंह, शेखर आर्य, दलजीत सिंह अंकित सक्सेना,पिंटू सिंह, महिम पाण्डेय, मुकुल जोशी, मीनाक्षी गोस्वामी, उद्यान विभाग से बादल सिंह, ठाकुर संजीव सिंह ,हंसू लाल , धर्मानंद छिम्बल, राखी, सौम्या , हिमांशु सिंह, जितेंद्र शर्मा, त्रिलोक सिंह बिष्ट साहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

**अंकित भंडारी हत्याकांड...** जा चुका है। जिस पर अदालत ने बचाव पक्ष की जिरह समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया। अभियोजन पक्ष के अनुसार अब 6 दिसंबर को अभियुक्तों के बयान दर्ज किए जाएंगे।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)





# नगर पंचायत की टीम ने अतिक्रमण और पॉलिथीन को लेकर काटे चलान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत व पुलिस प्रशासन की टीम ने नगर में अतिक्रमण और पॉलिथीन को लेकर अभियान चलाया। जिससे नगर के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत की टीम अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैकवाल के नेतृत्व में आज नगर में पहुंची तो व्यापारियों में हड़कंप मच गया। नगर पंचायत के टीम के साथ पुलिस की टीम भी मौजूद थी। नगर पंचायत की टीम ने अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों व दुकानदारों को पॉलिथीन में सामान देने वाले व्यापारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की। अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैकवाल ने बताया कि, 9 लोगों का चालान किया गया है जिसे 2900 रुपए का राजस्व वसूला गया है। नगर



पंचायत की टीम के अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी ने व्यापारी को चेतावनी दिया कि अगर आपने नाली के पास अतिक्रमण किया है तो आगे और कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत की टीम में प्रकाश तड़ागी,सुमित राणा, दान सिंह राणा, नागेंद्र प्रसाद, महेश सिंह राणा, सोनू वाल्मीकि आदि मौजूद है।

# घर से लापता युवती लालकुंआ रेलवे स्टेशन से बरामद

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। घर में परिजनों से नाराज होकर एक युवती लालकुंआ से यहां रेलवे स्टेशन आ पहुंची। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट उधम सिंह नगर द्वारा चैकिंग के दौरान युंवती को रेलवे स्टेशन पर लावारिस अवस्था में बैठे अपने संरक्षण में लिया गया। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट उधम सिंह नगर द्वारा ऑपरेशन स्माइल के तहत गुमशुदाओ की तलाश में बस अड्डा रुद्रपुर में चेकिंग के बाद रेलवे स्टेशन रुद्रपुर में चेकिंग में गई । रेलवे स्टेशन में चेकिंग के दौरान एक लड़की गुमसुम सी रेलवे स्टेशन पर अकेली बैठी हुई दिखाई दी। टीम ने लड़की से उसका नाम पता पूछा तो उसने बताया कि वह अकेली है उसके साथ इस समय कोई नहीं है । उसने अपना नाम पता मनीषा पुत्री प्रभु चौहान



निवासी कुरिया खत्ता थाना लाल कुआं जनपद नैनीताल बताया। उसका कहना था कि वह घर से नाराज होकर रेलवे स्टेशन लाल कुआं से ट्रेन में बैठकर बरेली चली गई थी। वापस इस ट्रेन में बैठकर रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंची हूं। मनीषा चौहान द्वारा बताया गया कि वह बालिग है और उसकी माता जी का देहांत हो चुका है। पिता व भाई उससे लड़ाई झगड़ा करते हैं वहं अपने घर नहीं जाना चाहती है।मनीषा चौहान को सुरक्षा की दृष्टि से कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट टीम में जीतो कंबोज प्रभारी, हेड कांस्टेबल सुभाष चंद्र व महिला कांस्टेबल प्रियंका आर्य शामिल थीं।

# कार में बीस पेटी अंग्रेजी शराब की पेटियों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि पुलिस ने चैकिगं के दौरान डीडी चौक पर एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की पेटियां बरामद कर कार सवार दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई कौशल भाकुनी साथी पुलिस कर्मियों कांस्टेबल भुवन पाण्डे, विनोद खत्री, महिला कांस्टेबल कंचन चौधरी के क्षेत्र में चैक्गि करते इन्द्रा चौक पर पहुचे तो मुखबिर सें सूचना मिलने पर सभी सादे वस्त्रो मे डीडी चौक पर पहुंचे। कुछ समय बाद एक कार संख्या यूके 04 एबी 2772 के वहां पहुंचने पर उसके चालक को रूकने का इशारा किया। तलाशी लेने पर कार की डिग्गी से अंग्रेजी शराब की कुल 20 पेटियां बरामद हुईं। जिसमें शराब की 192 बोतलें व 96 अद्दे रखे हुए थे। पूछताछ करने पर कार चालक ने अपना नाम पता गिरीश चन्द्र पुत्र महेश चन्द्र निवासी पंचशील कालोनी हल्द्वानी थाना मुखानी तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम पता मोहन सिह पुत्र स्व. करम सिह निवासी केनाल कालोनी तिकोनिया, हल्द्वानी बताया। पुलिस ने शराब के पेटियां कब्जे में लेकर वाहन सीज कर दिया और दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस के अपर उप निरीक्षक भरत सिंह व कांस्टेगबल देवेन्द्र बजेठा ने गड्ढा कालोनी के पास खाली खेत में एक नशा तस्कर दंगल सिंह मूल निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना मन्नापुर जिला शहजहांपुर हाल निवासी गड्ढा कालोनी को कुल 46 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# मधुमक्खियों के झुंड के हमले में एक की मौत,महिला समेत चार लोग घायल

बाजपुर। उत्तराखंड में बाजपुर के गांव चकरपुर में मकान के मरम्मत कार्य के दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने एक परिवार के लोगों पर हमला कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि मृतक की पत्नी सहित चार लोगों का इलाज चल रहा है। खबर मिलते ही ग्रामीणों में खलबली मच गई। सोमवार दोपहर पौने गांव चकरपुर निवासी केशव शरण(51) अपने परिजनों के साथ मकान का मरम्मत कार्य कर रहे थे। अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने केशव शरण पर हमला कर दिया। बचाने पहुंचे परिवार के अन्य लोगों पर भी मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। परिवार के लोगों को भगाने का मौका तक नहीं मिला। हमला होते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग लगाकर धुंआ और अन्य तरीके से मधुमक्खियों को बमुश्किल भगाने की कोशिश की। मधमक्खियों के हमले से केशव शरण गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें गांव स्थित एक क्लीनिक में ले जाया गया। जहां डाक्टर ने सरकारी अस्पताल ले जाने को कहा। जिस पर ग्रामीण उन्हें सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने केशव शरण को मृत घोषित कर दिया। जबकि मृतक की पत्नी ज्योति, उसका बेटा हर्षित, विवेक और छोटी बेटी मन्नू को इलाज चल रहा है। यह सब खतरे में बाहर बताए गए है। केशव शरण की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बताते है कि मरम्मत कार्य में परिवार के लोग लगे थे। कि अचानक ही मर्धुक्ख्यिों का झुंड ने आकर हमला कर दिया। परिवार के लोगों को भगाने का मौका तक नहीं मिला।


